संबंध में तथा बाह्य अन्तरिक्ष में शांतिपूर्ण प्रयोग के बारे में एक अन्तर्राष्ट्रीय सहयोग के विस्तार के संबंध मे एक समझौता किया जाना चाहिये ।

(ग) संयुक्त राष्ट्र के निरस्त्रीकरण सम्मेलन में, जो कि निरस्त्रीकरण के लिए बहुपक्षीय बातचीत के लिए एक मात्र मंच है, "बाह्य अन्तरिक्ष में हथियारों की होड़ पर रोक" संबंधी मद पर 1985 से एक तदर्थ समिति में विचार होता आ रहा है । बाह्य अन्तरिक्ष के शांतिपूर्ण प्रयोग संबंधी अन्तर्राष्ट्रीय समिति में भी "बाह्य अन्तरिक्ष को शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिए बनाये रखने में उपाय और तरीके" मद के अन्तर्गत अन्तरिक्ष के सैन्यीकरण संबंधी पक्षों पर विचार किया गया है । ये बड़े खेद की बात है कि बाह्य अन्तरिक्ष में हथियारों की होड़ को रोकने के संबंध में संयुक्त राष्ट्र में प्रगति प्रायः नगण्य रही है ।

Appointment of Judges on international Courts

2282. SHRI CHIMANBHAI MEHTA: Will the Minister of EXTERNAL AFFAIRS be pleased to state:

(a) whether eminent judges of the Supreme Court have been recommended for their appointment on the International Courts or have already been appointed; and

(b) if so, what are the details in this regard?

THE MINISTER OF STATE TN THE MINISTRY OF EXTERNAL AFFAIRS (SHRI K. NATWAR SINGH): (a) No judge of the Supreme Court of India has been nominated for election to the International Court of Justice. However, a judge of the Supreme Court of Indi is eligible to be nominated for election to the International Court of Justice. Under Article 2 of the Statute of the International Court of Justice, the Court. is composed of a body of independent judges who posses the qualifications required in their respective countries for appointment to the highest judicial offices, or are jurisconsults of recognised competence in international law.

(b) Does not arise.

कम्प्यूटर प्रशिक्षण के लिए स्कूलों का स्थापित किया जाना

2283. **श्री विश्वासराव रामराव पाटिल :** क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार देश में कम्प्यूटर का प्रशिक्षण देने के लिए कुछ स्कूल स्थापित करने का विचार रखती है ;

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में केन्द्रीय सरकार द्वारा क्या मापदण्ड निर्धारित किये गये हैं ; और

(ग) महाराष्ट्र में किन-किन जिलों में कम्प्यूटर प्रशिक्षण देने वाले स्कूल खोले जाने का प्रस्ताव है तथा वे स्कूल कब से कार्य करना आरम्भ कर देंगे ?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय में शिक्षा और संस्कृति विभागों में राज्य मंत्री (श्री एल० पी० सांही) : (क) से (ग) देश में संगणक प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए स्कूलों की स्थापना का कोई प्रस्ताव नहीं है । तथापि, 248 माध्यमिक/उच्चतर माध्यमिक स्कूलों में वर्ष 1984–85 में छात्रों को निम्नलिखित जानकारी प्रदान करने के लिए एक प्रायोगिक संगणक साक्षरता तथा अध्ययन परियोजना आरम्भ की गयी थी :—

—संगणक तथा उनके प्रयोग की व्यापक जानकारी प्रदान करना ।

—व्यावहारिक अनुभव उपलब्ध कराना ।

—छात्रों की मानव की सभी गतिविधियों में संगणक की प्रयोज्यता की रेंज तथा